**मासिक पत्रिका**

# युवा भारत

मार्च 2021 **हिंदुस्तान की युवा तस्वीर** e-पत्रिका

Published By:

YOUTH TIMES NEWS

# संपादक संदेश..

## बादल चौधरी

संपादक एवं संस्थापक- यूथ टाइम्स न्यूज चैनल

प्रिय पाठक,

यूथ टाइम्स न्यूज चैनल द्वारा मासिक “युवा भारत पत्रिका” समाज की युवा पीढ़ी में सजगता जागृत करने के लक्ष्य से जारी की गई है।

“युवा भारत पत्रिका” युवाओं को एक मंच प्रदान करती है जिससे युवा ना केवल जागरूक होते हैं बल्कि जागरूकता फैलाते भी हैं।

मुझे पूरा विश्वास है की इस पत्रिका के माध्यम से युवा पीढ़ी समाज में बढ़ती समस्याओं का समाधान खोजेगी और भारत की प्रगति में विशेष योगदान देगी।

धन्यवाद

---

**सूचना**

---

पत्रिका में अपने सुझाव या किसी विषय पर निबंध/ समाधान आदि छपवाने के लिए हमारी ईमेल: news.youthtimes@gmail.com पर संपर्क करें।

## संपादकीय

# युवा कलम

"युवा कलम, सफलता की एक नई तरंग"

"युवा भारत पत्रिका" के पहले अंक से ये शब्द प्रमाणित हो गए हैं। युवा पीढ़ी देश की सफलता की डोर होती है, जो भविष्य में अपने अतीत से प्रेरणा लेकर देश का मान-सम्मान बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। बस इस कड़ी में जरूरत है तो उनकी सोच को मंच देने की। इस लक्ष्य से मार्च 2021 के पहले अंक के साथ "युवा भारत पत्रिका" के आगाज की गूंज भी उठ चुकी है।

इस पत्रिका के माध्यम से युवा पीढ़ी कलम उठाएगी, भविष्य लिखने के लिए। आज देश को युवा सोच की जरूरत है। देश में बढ़ते अनेक असामाजिक कार्यों पर अंकुश केवल और केवल जागरूकता से लग सकता है, क्यूंकी कहीं ना कहीं इन कार्यों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में समर्थन हमारा भी है।

- **बादल चौधरी**
(संपादक)

# *भ्रष्टाचार-कलंक का राग*

देश की प्रगति में रोड़ी बनकर खड़ा, जनता का पूर्ण रूप से समर्थन प्राप्त करने वाला- भ्रष्टाचार। ये एक ऐसा दुष्कर्म है जिसके विषय में शायद ही कोई ना जानता हो, बल्कि जानना क्या शायद ही कोई ऐसा हो जिसने इसका समर्थन ना किया हो।

देश में नित्य भ्रष्टाचार के अपराध की घटना सुनने को मिलना तो लगभग एक आदत सी हो गई है और हो भी क्यू ना, आखिर भ्रष्टाचार करने वालों को हमारा जो समर्थन प्राप्त है, फिर चाहे वो समर्थन भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज ना उठाने के रूप में ही क्यू ना प्राप्त हो। यही कारण है की वर्ष 2020 के ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल का करप्शन पर्सेप्शन इंडेक्स भारत को भ्रष्ट देशों की श्रेणी में 80 वे स्थान पर रखता है।

भ्रष्टाचार के बढ़ते आकडे अत्यंत चिंताजनक है। इस दुष्कर्म से देश बचाने के लिए सर्वप्रथम इसका समर्थन रोकना होगा जिससे भ्रष्टाचार-मुक्त भारत की नीव रखी जा सके।

- श्वेता चौधरी
(छात्रा-स्नातक प्रथम वर्ष)

## प्रतिभा की खोज..

“युवा भारत पत्रिका” के माध्यम से प्रतिभाशील युवाओं की खोज के लिए “यूथ टाइम्स न्यूज चैनल” लाया है विशेष **निबंध लेखन प्रतियोगिता: प्रतिभा की खोज**।

मार्च 2021 **विषय**:

“प्रतिभा पलायन का भारत की प्रगति पर असर”

सबसे अच्छे तीन निबंधो को “युवा भारत पत्रिका” में प्रतिभागी के नाम और फोटो के साथ छापा जाएगा एवं e-सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

नियम:

- निबंध ईमेल द्वारा हमारी ईमेल पर ही भेजे जाने चाहिए।
- शब्द सीमा- 1000 शब्द
- एक प्रतिभागी से केवल एक ही निबंध मान्य होगा।
- निबंध के साथ अपना नाम, पता, मोबाईल न., पासपोर्ट साइज़ फोटो, एवं निबंध की मोलिकता की शपथ भी साथ में अटैच करे।
- “युवा भारत पत्रिका” का निर्णय अंतिम एवं बाध्य होगा।
- हमारी ईमेल है: news.youthtimes@gmail.com
- अंतिम तिथि: 30 अप्रैल 2021

## महत्वपूर्ण दिवस

- **शून्य भेदभाव दिवस:** उम्र, त्वचा का रंग, कामुकता, राष्ट्रीयता, लिंग, जातीयता आदि सभी के अधिकार को बढ़ावा देने हेतु हर साल १ मार्च को शून्य भेदभाव दिवस मनाया जाता है।

- **विश्व वन्यजीव दिवस**: संयुक्त राष्ट्र ने 20 दिसम्बर 2013 को वन्य जीवों के संरक्षण के लिए मनुष्य में जानकारी-जागरूकता के लिए माह 3 मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। वर्ष 2013 के बाद हर वर्ष 3 मार्च को विश्व वन्य दिवस मनाया जाता है।

- **राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस**: 4 मार्च, 1966 को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना की गई थी। इसी दिन से प्रत्येक वर्ष 4 मार्च से राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है।

# महिला- अनगिनत योगदान

## अन्तराष्ट्रिय महिला दिवस- 08 मार्च

"सबके जीवन का आधार, महिला ही तो है बेशकीमती ईश्वरीय उपहार"

हर वर्ष 08 मार्च को मनाया जाने वाला "अन्तराष्ट्रिय महिला दिवस" महिलाओं के योगदान को स्मरण करने का महत्वपूर्ण दिन होता है।

विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाने वाला ये दिवस महिलाओं के राजनीतिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान देता है।

महिला आज के दौर में हर क्षेत्र मे कामयाबी हासिल कर रही हैं जिससे ये बात सिद्ध हो जाती है की महिला कमजोर नहीं होती। महिला अपने जीवन में कष्टों को चीरते हुए भी अपने योगदान के अनगिनत उदाहरण पेश करती हैं।

------------------------ युवा भारत मासिक पत्रिका ----------------------

Published By:

Youth Times News Channel

Address: B-276/1, St. No. 4-B, Durgapuri Extn.,
Shahdara, Delhi- 110093
Website: https://newsyouthtimes.wixsite.com/channel
Email: news.youthtimes@gmail.com
Whatsapp: 9760260952

(Copyright- Youth Times News Channel)